महत्वपूर्ण एवं खास

बालिका का अश्लील वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया

बिलासपुर (आरएनएस)। शनिवार को थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने एक नाबालिग बच्चे का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी कुंदन कुमार राजवाडे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल और नगर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रमोद के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। साईबर क्राइम रिपोर्ट में जानकारी मिली थी कि आरोपी ने अपने मोबाइल नंबर से बिलासपुर के इंद्रजीत कांपलेक्स स्थित स्थान से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नाबालिग बच्चे का अश्लील वीडियो वायरल किया था। प्रारंभिक जांच में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया और बताया कि उसने घटना के दिन फेसबुक पर नाबालिग का वीडियो पोस्ट किया था। आरोपी के खिलाफ धारा 67-बी सूचना प्रद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000 और धारा 15(2) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस विशेष अभियान में थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार पाण्डेय, सतनि गजेन्द्र शर्मा, हमराह स्टाफ आर. गोकुल जांगड़े, नुरुल कादिर और धीरेन्द्र सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कर्मचारी ने किया लाखों रुपए का हेराफेरी, जुर्म दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। भुटानी इंटरनेशनल प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी ने 20 लाख का हेराफेरी कर अमानत में ख्यानत किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रमेश कुमार 43 वर्ष दुबे कॉम्पलेक्स उरकुरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि भुटानी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी संदीप कुमार 43 वर्ष ने कंपनी के 20 को अपने खाता में जमा कराकर अमानत में ख्यानत किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 15 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। दोना पत्तल का व्यवसाय कर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 15 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनिचल सिन्हा 27 वर्ष पुलिस आवासीय परिसर गोबरानवापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सुनील कंसारी ने प्रार्थी को दोना पत्तल का व्यवसाय करने का झांसा देकर प्रार्थी से 15 लाख 94 हजार 390 रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थी के शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

धारदार तलवार लहराकर आम लोगों को डरा धमका रहा आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग (आरएनएस)। रविवार को थाना सिटी कोतवाली, दुर्ग क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा धारदार तलवार लहराकर आम लोगों को डरा धमकाने का मामला सामने आया है। घटना वेलकम किराया भंडार के पास मेन रोड हरनाबांध, दुर्ग में हुई, जहां आरोपी मोहम्मद खालिद ने तलवार से लोगों को डराया। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से एक लोहे की धारदार तलवार बरामद की गई, जिसे पुलिस ने विधिवत रूप से जप्त कर लिया। आरोपी को आम्र्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

पीएम जनमन: बिरहोर जनजाति के उत्थान के लिए उठाए गए कदमों से बदल रही तस्वीर, बिरहोर जनजाति के 73 परिवारों के पीएम आवास पूर्ण

- 327 परिवारों को स्वच्छ पेय जल एवं निस्तारी के लिए की गई जल प्रदाय की व्यवस्था
- सड़कों के निर्माण से बिरहोर परिवारों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने की राह हुई आसान
- ग्राम रुवाफुल एवं कुमीचुऑ में 60-60 लाख रुपये की लागत से बहुउदेशीय केन्द्रों का होगा निर्माण

रायगढ़

प्रदेश के निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवन में परिवर्तन एवं बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारंभ जनमन कार्यक्रम के तहत रायगढ़ जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के रूप में बिरहोर जनजाति के समग्र विकास हेतु रणनीति बनाई गई। जिसके तहत बिरहोर जनजाति के विकास के लिए कई कदम उठाए गए है।

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा इसकी नियमित तौर पर समीक्षा की जा रही है एवं मार्गदर्शन दिया जा रहा है। रायगढ़ जिले में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के नेतृत्व में जिला प्रशासन की पूरी टीम बिरहोर परिवारों तक विकास की नई रौशनी लाने के लिए प्रतिबद्ध हो कर कार्य कर रही है।

रायगढ़ जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के रुप में बिरहोर जनजाति चार विकास खण्ड़ों के 25 ग्रामों में निवासरत् है। बिरहोर के कुल परिवार संख्या 327 एवं जनसंख्या 1151 है। जिसका प्रधान मंत्री जनजाति न्याय अभियान के तहत् उनके समग्र विकास हेतु रणनीति के तहत् जिले में प्रारंभ किया गया अभियान 15 नवम्बर 2023 से अब तक विभिन्न विकास विभागों के समन्वयन एवं जिला प्रशासन के नेतृत्व में 11 सेक्टर में गैप एनालिसिस कर कार्य योजना तैयार कर कार्य प्रारंभ किये गये। फलस्वरुप वर्तमान समय में बिरहोर जनजाति हेतु स्वीकृत 158 आवास में से 73 आवास पूर्ण हो चुके हैं।

सड़कों का निर्माण और जल प्रदाय की हुई व्यवस्था

पहुँच विहिन 13 बिरहोर बस्ती के सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसके तहत् 5 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इन सड़कों के निर्माण से बिरहोर परिवार तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने की राह आसान हो गई है। 327 परिवारों को स्वच्छ पेय जल एवं निस्तारी के लिए जल प्रदाय की व्यवस्था पूर्ण कर लिया गया है।

शिक्षा, स्वास्थ्य एवं विद्युत के क्षेत्र में प्रगति

जिन 3 बिरहोर बस्ती में ऑगनबाड़ी स्वीकृत नही था उसकी स्वीकृति दी जा चुकी है जो कुपोषण से मुक्ति के लिए मील का पत्थर साबित होगी। ग्राम रुवाफुल एवं कुमीचुऑ में 60-60 लाख रुपये की लागत से बहुउदेशीय केन्द्रों का निर्माण किया जायेगा। जहॉ एक छत के नीचे ही ऑगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र एवं बिरहोर युवाओं के प्रशिक्षण तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का केन्द्र स्थापित होगा। अभियान के पूर्व 55 बिरहोर परिवारों के घरों में विद्युत की व्यवस्था नही थी इन 55 परिवारों में 28 परिवार के घर ग्रीड़ द्वारा तथा 27 परिवारों के घर सोलर के द्वारा रौशन किया गया है। जो उनके जीवन में बच्चों तथा परिवार के विकास हेतु मील का पत्थर साबित होगा।

विभिन्न योजनाओं के तहत किया गया लाभान्वित

इस दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्र में एक मोबाईल टावर की स्थापना किया गया है 15 नवम्बर 2023 को गैप एनालिसिस के तहत् अब तक बिरहोर परिवार के 684 आधार कादर्, 430 जनधन बैंक खाता, 538 आयुषमान कादर्, 752 जाति प्रमाण पत्र, 30 राशन कादर्, 162 किसान सम्मान निधि, 128 किसान क्रेडिट कादर्, 12 पी.एम. मातृत्व वंदन योजना के तहत् लाभान्वित किया गया है। साथ ही 327 परिवारों का सिकल सेल की जॉच की गई है।

धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान से जुड़ेंगे जिले के 316 गांव

धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत् जिले के 07 विकास खण्ड़ों में 316 ऐसे ग्राम जिनकी जनसंख्या 500 से अधिक तथा अनुसूचित जनजाति आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है का चयन किया गया है जिसमें समग्र विकास की योजना तैयार कर ग्रामों को विकास के मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा।

मशरूम उत्पादन की निशुल्क ट्रेनिंग के लिए ग्रामीण महिलाएं करा सकते हैं पंजीयन

सारंगढ़ बिलाईगढ़

रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण युवती और महिलाओं के लिए भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में मशरूम उत्पादन का 10 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण 19 मई से आयोजित की जा रही हैं। महिलाएं सभी दस्तावेज वाट्सअप 7974942078 में भेज कर पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं।

एसबीआई आरसेटी रायगढ़ के सीनियर समन्वयक श्रवण श्रीवास्तव से प्राप्त जानकारी अनुसार इस कोर्स के लिए 35 सीट है। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिये मोबाइल नम्बर पर 7974942078, 9131360303, 9303060375 पर संपर्क कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवती एवं महिला को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 8वीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षाणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड, बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। विशेष रोजगार गारंटी के तहत् एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन कार्य किया है, तो उसे रोजगार गारंटी के तहत् प्रति दिवस 260 रुपए की दर से भत्ता भी प्रदान किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं। प्रशिक्षण पश्चात् प्रमाण पत्र दिया जायेगा।व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु बैंक से ऋण भी उपलब्ध कराया जाता हैं।

इंस्टाग्राम में नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म: महिला थाना रायगढ़ ने आरोपी को 24 घंटे में गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायगढ़

नौकरी दिलाने के नाम पर रायपुर की एक महिला को इंस्टाग्राम के माध्यम से झांसे में लेकर रायगढ़ बुलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पीड़िता ने 17 मई को महिला थाना रायगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर नौकरी का विज्ञापन देखा था, जिस पर दिए गए नंबर पर कॉल करने पर कॉलर ने खुद को राहुल साहू, निवासी अडभार बताया और दावा किया कि वह एक प्लांट में काम करता है और नौकरी दिलवा सकता है।

झांसे में आकर महिला 17 मई को रायपुर से ट्रेन रायगढ़ पहुंची, जहां कथित राहुल उसे स्टेशन से मोटरसाइकिल पर बैठाकर पूंजीपथरा क्षेत्र के एक प्लांट में ले गया। वहां यह कहकर कि "आज हाफ डे है, काम नहीं हो पाया, बड़े साहब से मिलवाता हूं," वह महिला को सरायपाली के जंगल में ले गया और डरा-धमका कर दुष्कर्म किया और किसी से बताने पर बदनाम करने की धमकी भी दी।

घटना के बाद महिला रात में ही महिला थाना पहुंची और पूरी जानकारी दी। थाना प्रभारी उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर ने तत्काल पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल को अवगत कराया, जिन्होंने तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिया।

पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना असली नाम लोकनाथ पटेल (30 वर्ष), पिता राम प्रसाद पटेल, निवासी ग्राम चारपारा, थाना सक्ती बताया।

महिला थाना रायगढ़ ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 09/2025 के तहत BNS की धारा 64, 115(2), 351(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर, सहायक उप निरीक्षक सरस्वती महापात्रे एवं हमराह स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर अनजान लोगों द्वारा दिए गए प्रस्तावों पर भरोसा करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल अवश्य करें, विशेषकर नौकरी, पैसे या रिश्तों से जुड़े मामलों में।

नटवर स्कूल में बच्चों ने प्लानिटोरिम में साइंस शो से किया अंतरिक्ष की सैर

- सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव पहुंचे नटवर स्कूल, कहां बच्चों में अतिरिक्त प्रतिभा के विकास के लिए बेहतर तरीके से संचालित करें समर कैंप
- जिले के 10 स्कूलों में किया जाएगा साइंस शो
- समर कैम्प के तहत किया गया आयोजन

रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले के सभी पीएम विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। ताकि बच्चों में अतिरिक्त कौशल का विकास किया जा सके।

इसी कड़ी में आज नटवर स्कूल रायगढ़ में समर कैंप की अंतर्गत प्लानिटोरिम में साइंस शो में बच्चों को अंतरिक्ष की जानकारी दी गई साथ में सलाद सज्जा प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, बच्चों के द्वारा वेस्ट मटेरियल से सामग्री निर्माण की प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही बच्चों को प्लानिटोरिम डोम के माध्यम से अंतरिक्ष के बारे में अवगत कराया गया। इसमें नटवर स्कूल के सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य स्कूल के विद्यार्थियों ने भी इस डोम के माध्यम से अंतरिक्ष के बारे में जानकारी प्राप्त की।

आज के कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने निरीक्षण करते हुए बेहतर तरीके से समर कैंप को संचालित करने के निर्देश दिए ताकि बच्चों में अतिरिक्त प्रतिभा का विकास हो सके। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. के.व्ही. राव, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी, एपीसी भुवनेश्वर पटेल, नटवर स्कूल प्राचार्य रूबी वर्गीस के साथ-साथ नटवर स्कूल के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि समर कैम्प का आयोजन में रायगढ़ जिले के सभी पीएम स्कूल हायर सेकेंडरी और प्राथमिक शालाओ में राज्य से प्राप्त निर्देश अनुसार दिनांक 18 मई से 27 मई 2025 तक 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प कराये जाने के निर्देश जिले से प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्तर के अलग-अलग विधाओं के कार्यक्रम तिथिवार निर्धारित कर तिथिवार सम्पन्न कराने को कहा गया है। रायगढ़ जिले के सभी सात पीएम हायर सेकेंडरी स्कूलों के साथ साथ तीन सेजेस स्कूलों में कुल 10 स्कूलों में समर कैंप के आयोजन के साथ-साथ प्लानिटोरिम डोम के माध्यम से 360 डिग्री साइंस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें बच्चों को अंतरिक्ष से रूबरू होने और जानने का मौका मिल रहा है।

पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप हेतु 31 मई तक नवीनीकरण आवेदन आमंत्रित

- छात्रवृत्ति भुगतान की संभावित तिथि 10 जून

सारंगढ़ बिलाईगढ़

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा विभागीय पोर्टल पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन https://postmatric-scholarship.cg.nic.in में ऑनलाईन आवेदन किया जाता है। नवीनीकरण अंतर्गतशासकीय संस्थाओं को 07 दिवस तथा अशासकीय संस्थाओं को अधिकतम 10 दिवस में नवीनीकरण का आवेदन 31 मई 2025 तक जमा करना होगा, जिसका संभावित भुगतान तिथि 10 जून 2025 निर्धारित है। वर्तमान में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का ऑनलाईन भुगतान वर्ष में एक बार जनवरी से मार्च के मध्य किया जाता है। व्यापक लोकहित एवं छात्रहित को ध्यान में रखते हुए सघन एवं सतर्क रूप से छात्रवृत्ति का भुगतान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत अनिवार्य अभिलेख के परीक्षण उपरांत शिक्षा सत्र 2025-26 के प्रारंभ में जारी किये जाने का निर्णय लिया गया है। वर्ष 2025-26 में नवीनीकरण एवं नवीन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरण हेतु समय-सीमा का निर्धारण किया गया है।

ममता के आगे हार गया जंगल का राजा

- शावक को बचाने बाघ पर टूट पड़ी मादा भालू
- वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा अद्भुत, अकल्पनीय

जगदलपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप के निर्वाचन क्षेत्र अबूझमाड़ के जंगलों में भी सुशासन आ गया है। वहां तमाम तरह के वन्य प्राणियों की आबादी तेजी से बढ़ रही है। बाघ, भालू रास्ते पर नजर आ जाते हैं, हिरण, नीलगाय कुलांचे मारते दिख जाते हैं।अबूझमाड़ के जंगल में एक मां की ममता के आगे जंगल के राजा को दुम दबाकर भागना पड़ा। यह दृश्य आपको रोमांचित कर देगा। अबूझमाड़ के जंगलों में भालुओं की अच्छी खासी आबादी है और कई बाघ भी हैं। महुआ फल खाने अपने शावक के साथ जंगल में घूम रही मादा भालू का सामना बाघ से हो गया। बाघ भालू शावक पर नजरें गड़ाए हुए था और उस पर झपट्टा मारने की तैयारी में था। यह देख मादा भालू बेहद आक्रामक हो उठी। वह अपने पिछले दोनों पैरों के सहारे खड़ी हो गई और बाघ को ललकारने लगी। मादा भालू खतरनाक अंदाज में आवाज भी निकाल रही थी। अपने बच्चे को बचाने के लिए मादा भालू ने बाघ पर हमला बोल दिया। फिर क्या था, जंगल का राजा दुम दबाकर भाग निकला। मादा भालू कुछ दूर तक बाघ के पीछे दाड़ी भी।उस दौरान पास ही मौजूद एक शख्स ने अपने मोबइल फोन के कैमरे में इस शानदार नजारे को कैद कर लिया। यह वीडियो उसी क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप तक भी पहुंची और उनकी अच्छी प्रतिक्रिया भी सामने आई। उन्होंने कहा- अदभूत, अकल्पनीय, मेरे क्षेत्र का गौरव है यह।

बैंक खातों को साइबर ठगी के लिए किराए पर देने वाले 10 आरोपी गिरफ्तार

- गरियाबंद पुलिस की बड़ी कार्रवाई

गरियाबंद | आरएनएस

गरियाबंद पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के म्यूल अकाउंट धारकों और दलालों के खिलाफ साइबर ठगी के मामले में कार्यवाही करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर आरोप है कि उन्होंने अपने बैंक खातों को किराए पर देकर अवैध रूप से करोड़ों रुपये की ऑनलाइन ठगी में सहायक भूमिका निभाई।

ऑनलाइन फ्रॉड का नेटवर्क बेनकाब

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से की गई जांच में सामने आया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र की राजिम शाखा के सात खातों में 30 मई 2024 से 17 मार्च 2025 के बीच देश के विभिन्न हिस्सों से ठगी के जरिए प्राप्त 4 करोड़ 16 लाख 96 हजार 238 रुपये जमा किए गए। यह राशि साइबर ठगी के जरिए धोखाधड़ी से प्राप्त की गई थी।

जांच में क्या निकला सामने

जांच में यह स्पष्ट हुआ कि इन खाताधारकों ने जानते हुए भी ठगी के पैसे अपने खातों में लिए और उनका उपयोग अवैध धन कमाने के लिए किया। इन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं 317(2), 317(4), 318(4), 61(2)(क), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी इस प्रकार हैं: राधा साहनी (राजिम, गरियाबंद), युवराज आदिल (बकली, गरियाबंद), बांकेबिहारी निषाद (नयापारा, रायपुर),कुंजबिहारी निषाद (नयापारा, रायपुर),रवि सोनकर (नयापारा, रायपुर), पवन कुमार मिरी (बकली, गरियाबंद), मोहनीश कुमार ताण्डिया (मगरलोड, धमतरी), हरीश साहू (नयापारा, रायपुर), रवि कुमार टिलवानी (डी. डी. नगर, रायपुर), योगेन्द्र कुमार बंजारे (मगरलोड, धमतरी)

क्या होता है म्यूल अकाउंट?

म्यूल अकाउंट वो बैंक खाता होता है जिसका उपयोग मनी लॉन्ड्रिंग यानी अवैध धन को वैध दिखाने के लिए किया जाता है। साइबर ठग इन खातों को किराये पर लेकर अवैध रकम एक खाते से दूसरे में ट्रांसफर करते हैं, जिससे असली आरोपी तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है।

गरियाबंद पुलिस की अपील

गरियाबंद पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अपने बैंक खाते को किसी भी स्थिति में किराये पर न दें, क्योंकि यह अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसा करने से न केवल आप कानून के घेरे में आ सकते हैं, बल्कि साइबर ठगों की मदद भी करते हैं। ऐसे किसी भी लालच से बचें और दूसरों को भी जागरूक करें। इस कार्रवाई में थाना राजिम पुलिस और स्पेशल टीम की विशेष भूमिका रही।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480